बड़वाह नगरपालिका में ड्रेस कोड जारी- पुरुष आसमानी शर्ट,नेवी ब्लू पैंट में तो महिलाएं नेवी ब्लू साड़ी में आएगी नजर

बड़वाह नगर पालिका में अब नपा के कर्मचारी जींस टी-शर्ट में नजर नहीं आएंगे। नपा स्टाफ कर्मचारियों और साफ-सफाई सहित समस्त कर्मचारियों को अब ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए बकायदा कर्मचारियों के लिए उनके कार्य अनुसार शासन द्वारा पूर्व निर्धारित ड्रेस कोड सख्ती से लागू कर दिया गया है। जिसके तहत नपा कार्यालय में बैठने वाले कर्मचारियों के अलावा सफाई कर्मचारी,वाहन चालक,निर्माण शाखा,जल प्रदाय सहित समस्त कर्मचारी अलग-अलग ड्रेस में नजर आएंगे।

यही कारण है कि पिछले दिनों नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं सीएमओ कुशल सिंह डोडवो द्वरा कर्मचारियों को ड्रेस वितरित की गई थी ।जिसके बाद अब नपा कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को छोड़कर सभी के लिए आसमानी शर्ट,नेवी ब्लू पैंट व आईडी कार्ड तो वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयो के लिए खाकी ड्रेस की व्यवस्था की गई है ।महिलाओ के लिए नेवी ब्लू की साड़ी दी गई है। सभी कर्मचारी अब ड्रेस कोड में ही नजर आ रहे है। नपाध्यक्ष ने बडवाह नगर पालिका के स्टाफ कर्मचारियों और सफाई सहित समस्त कर्मचारियों को अब ड्रेस कोड का पालन करना अनिर्वाय कर दिया गया है ।इस संबंध में नपाध्यक्ष ने बताया की नपा में करीब 250 कर्मचारी हैं। सबको पहचानना मुश्किल होता है। ऐसे में यह यूनिफार्म उन्हें बाकियों से अलग करेगी। आइडेंटी कार्ड से उनके नाम और पदनाम का पता चलेगा।

बड़वाह में विकास यात्रा के तहत नगर के विभिन्न वार्डो में हुए भूमि पूजन

लगभग 80 लाख रुपये के कार्यो का हुआ नपा अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ भूमि पूजन

बड़वाह - विगत दिनों बड़वाह शहर के विभिन्न वार्डो में भूमि पूजन हुए, भूमिपूजन की शुरुआत नगर के वार्ड नंबर 18 से हुई ,जहाँ कांजी हाउस के निर्माण कार्य को लेकर भूमि पूजन हुआ पिछले कुछ सालों ही नगर में कांजी हाउस के निर्माण को लेकर प्रयास किये जा रहे थे । लेकिन अब जाकर कांजी हाउस का कार्य शुरु हुआ इस दौरान नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि हमारे विकास कार्यो के पूजन की शुरुआत कांजी हाउस के पूजन से हुई उन्होंने बताया कि कांजी हाउस के निर्माण से शहर में निराषित घूम रही गौ

माताओ को यहां रखने की व्यवस्था होगी । तथा जो गो पालक अपने पशुओं का दूध निकाल कर रोड पर छोड़ देते है उनके खिलाफ की दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी । इस कांजी हाउस में गौ माताओ को लाकर उनकी देख रेख भी की जाएगी। इस कांजी हाउस की लागत लगभग 17 लाख रुपये है। इस दौरान नपा सीएमओ कुशल डुडवे ने कहा कि आज भूमि पूजन की शुरुआत बहुत की अच्छे काम से हुई है यहां निराषित घूम रही गो माताओ को रखा जाएगा तथा उनके खाने पीने की व्यवस्था भी की जाएगी । नपा अध्यक्ष ने शहर के गो भक्तों से भी आग्रह किया है कि अगर वो भी इस नेक काम आगे आना चांहे तोह वो भी आ सकते है ।

इस इस दौरान भाजपा जिला मंत्री श्री महिम ठाकुर एवं श्री सुरेंद्र पंड्या ने भी अपने विचार रखे तथा इसके बाद गोपाल मंदिर के पास सुलभ: शौचालय के निर्माण जिसकी लागत लगभग 12.60 लाख रुपये है का भूमि पूजन किया गया। इसके बाद वार्ड नंबर 13 आदर्श कॉलोनी में स्थित बाउंड्री वाल जिसकी लागत लगभग 11.50 लाख रुपये का भूमि पूजन किया,अंत में नगर पालिका परिसर की बाउंड्री वाल तथा टिन शेड जिसकी लागत 27 लाख रुपये का भूमि पूजन किया इस दौरान नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता ,ष्द्वश्व कुशल सिंह डुडवे , वार्ड नंबर 18 के पार्षद श्रीमती सोनल विनय महाजन , वार्ड 13 के पार्षद बबलू चौरसिया , पार्षद अनिल कानूनगो , पार्षद रूप सिंग रावत ,वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि ,नपा इंजीनियर , एडवोकेट प्रणय गवशिन्दे, माहिम ठाकुर,सुरेंद्र पड्या आदि शहर के समाज सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।